महत्वपूर्ण एवं खास

घर बैठे होगी चोरी की शिकायत, सिटीजन कॉप ऐप शुरू

रायगढ़। जिले में भी शनिवार से अधिकृत रूप से पुलिस के सिटीजन कॉप ऐप ने काम करना शुरू कर दिया है। अब

मोबाइल, लैपटॉप या किसी अन्य सामान की चोरी या छिटपुट शिकायत के लिए घर बैठे ही काम हो जाएगा और इस ऐप के माध्यम से संबंधित थाने तक आपकी शिकायत पहुंच जाएगी।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत पुलिस विभाग ने भी मोबाइल ऐप का सहारा लेकर लोगों को सुविधा दी है। शनिवार को सिटीजन कॉप ऐप रायगढ़ में भी शुरू कर दिया गया है। इस ऐप के माध्यम से लोगो को अब थाने जाने के बजाय किसी भी मोबाइल से शिकायत दर्ज करने की सुविधा दी गई है। एसपी दीपक झा ने बताया कि ऐप में चोरी के अलावा अन्य शिकायत भी दर्ज करने की सुविधा है। गूगल प्ले स्टोर पर ऐप को डाउन लोड करने के बाद किसी भी घटना या दुर्घटना की फोटो व वीडियो अपलोड कर पुलिस को उस सम्बंध में जानकारी दी जा सकती है। ऐप की खासियत है कि इसमें शिकायतकर्ता का नाम भी सार्वजनिक नहीं होगा। जिले में ट्रायल बेस में अब तक इस ऐप में 45 लोगों ने मोबाइल गुम होने की शिकायत कराई गई थी जिसमे से 21 मोबाइल बरामद करने में सफलता हासिल की है।

लैलूंगा क्षेत्र में आज फिर मिली एक युवक की लाश! 2 दिनों में 2 लाशें! क्षेत्र में दहशत का माहौल!

रायगढ़। जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में लाशों का मिलना थम नहीं रहा है। कल ग्राम करहन में एक युवक की लाश नग्न

अवस्था में मिली थी। वही आज सुबह फिर एक 24 वर्षीय युवक की लाश मिली है।

आज सुबह अमापाली यात्री प्रतीक्षालय के पास रोड के किनारे एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई सुबह करीब 8.30 बजे के आसपास पुलिस को सूचित किया गया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

मृत युवक की पहचान मोहनलाल मांझी पिता भगतराम मांझी के रूप में हुई है। मृतक सोहनपुर आने वाला था। मृतक के नाक में चोट देखी गई है। 2 दिनों के भीतर लगातार तो लाश मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इसके पहले भी 28 नवंबर को एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली थी।

देखा जाए तो 15 दिनों के भीतर 3 लाशें मिल चुकी है। फिलहाल की हत्या या कुछ और इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एफसीआई अरवा नहीं ले रहा, नान में कोटा तय, अधर में 18 लाख क्विंटल धान

उसना चावल ही लेगा एफसीआई लेकिन जिले में गिनती की हैं इसकी राइस मिल

रायगढ़। जिले में 40 लाख क्विंटल होने वाली धान खरीदी में नान ने मिलिंग के बाद 15 लाख क्विंटल चावल लेने की लिमिट तय कर दी है। एफसीआई ने अरवा लेने से मना कर उसना चावल ही लेने का फरमान दिया है लेकिन जिले में इसकी राइस मिल गिनती की हैं। ऐसे में जनवरी महीने के बाद शेष धान की मिलिंग कैसे होगी। इसकी कोई प्लानिंग नहीं है।

कस्टम मिलिंग के तहत राइस मिलरों से चावल जमा लेने के लिए एफसीआई ने इस बार भी अरवा लेने से मना कर दिया है। सेंट्रल पूल में अरवा चावल की डिमांड नहीं आने व उसना चावल की मांग अधिक होने के कारण एफसीइआई ने यह आदेश निकाला है। वहीं नागरिक आपूर्ति निगम केवल अरवा चावल ही जमा ले रहा है। इसमें भी जिले के लिए कुल 15 लाख क्विंटल चावल ही जमा लेने की लिमिट तय की गई है। यह कोटा पूरा हुआ तो नान के गोदामों में राइ मिलरों के लिए नो एंट्री हो जाएगी। अब उसना चावल की मिलिंग की बात करें तो रायगढ़ जिले में इसकी मिलिंग क्षमता कम है। एफसीआई बीते साल की तरह इस बार भी उसना चावल के लिए अधिकतम 2 से 3 लाख क्विंटल को कोटा तय करेगा। यह कोटा पूरा हुआ तो एफसीआई में भी चावल जमा पर पाबंदी लग जाएगी। ऐसे में जो शेष धान बचेगा, उसकी कस्टम मिलिंग के लिए अभी से राइस मिलरों को चिंता सता रही है। शासन से भी इस संबंध में कोई दिशानिर्देश जारी नहीं हुए हैं। जिससे जिले में शेष धान का निपटारा कैसे होगा, इसको कोई जवाब नान के अफसरों के पास भी नहीं है।

सिटीजन कॉप एप्स के जरिए पिछले 3 दिनों में सायबर सेल ने 22 व्यक्तियों के गुम मोबाईल खोज निकाला

रायगढ़। डिजीटल इंडिया के तहत सिटीजन कॉप एप्स नाम से मोबाईल एप्लिकेशन लांच किया गया है। पिछले तीन दिनों में रायगढ़ पुलिस को इस एप्स के जरिये मोबाईल गुम हो जाने के 48 ऑनलाईन शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 22 लोगों के मोबाईल रायगढ़ सायबर सेल की टीम द्वारा जिले एवं आसपास के जिलों से रिकवर किया गया है। शेष मोबाईल दूसरे राज्यों में है, जिनकी रिकवरी भी जल्द की जावेगी। रिकवर किये गये मोबाईल की कीमत 3,27,500

रूपये हैं। आज पुलिस कन्ट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा इस सिटीजन कॉप एप्स का जिले में विधिवत लांच किया गया, जिससे आम लोग इस एप्स से लाभ प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में एस.पी. महोदय ने रिकवर किये गये 22 मोबाईल फोन को उनके मूल मालिको को आवश्यक दस्तावेज देखकर कन्ट्रोल रूम में वापस सुपुर्द किया गया। गुम मोबाईल मिलने पर मोबाईल मालिकों के चेहरे पर खुशी देखी जा सकती थी।

पुलिस अधीक्षक श्री झा ने कार्यक्रम में उपस्थित मीडिया के साथियों को बताया कि ''सिटीजन कॉप' मोबाईल एप्प पुलिस थाना का एक डिजिटल स्वरूप है जिसका उपयोग करके आम नागरिक अपनी समस्याएं/ सूचनाएं पुलिस से साझा कर सकते हैं।

आमजन को मुसीबत के समय तत्काल मदद पहुंचाने के लिए सिटीजन कॉप मोबाइल ऐप बनाया गया है इसमें ऐसे फीचर है जिसकी सहायता से लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस और अन्य जिम्मेदार संस्थाओं से मदद मांग सकते हैं। एप्लीकेशन के अपग्रेड वर्जन में मोबाइल बंद होने की स्थिति में भी काम करेगा। एप्स को गूगल प्ले स्टोर से फ्री में डाउनलोड किया जा सकता है।

अज्ञात पुरूष का शव मिला

रायगढ़। 8 दिसम्बर को थाना लैलूंगा अन्तर्गत ग्राम कर्राहन के सरपंच ने थाना लैलूंगा में सूचना दिया की

गांव बस्ती के बाहर करीब 600 मीटर की दूरी पर धरमसिंह के खेत टिकरा में एक अज्ञात पुरूष उम्र करीब 25-30 वर्ष का शव पड़ा हुआ है । सूचना पर थाना लैलूंगा से स्टाफ जांच के लिये पहुंचा। मृतक का शव गांव बस्ती से बाहर धरमसिंह के खेत टिकरा में नग्न अवस्था में पड़ा था, मृतक के बांये भौंव के ऊपर चोट से खून निकला हुआ था, शव का पोस्ट मार्टम कराया गया है, मृतक की शिनाख्त अब तक नहीं हो पायी है। अज्ञात मृतक के बांये हाथ में अंग्रेजी में kapila लिखा हुआ है। घटना के संबंध में थाना लैलूंगा में मर्ग क्रमांक 107/18 धारा 174 जाफौ कायम कर जांच किया जा रहा है।

जंगल का मोर पुलिस थाने पहुंचा

रायगढ़। जंगल का एक मोर भटकते हुए जिले के भूपदेवपुर पुलिस थाने पहुंच गया और बकायदे थाने की एक कुर्सी पर खड़ा होकर थाने में मौजूद लोगों को निहारता रहा। अचानक मोर के थाने आ जाने से थाने में मौजूद स्टॉफ और आसपास के लोग मोर को देखने इकट्ठे हो गये। उक्ताशय की जानकारी देते हुए भूपदेवपुर थाना प्रभारी चमन सिन्हा ने बताया कि रामझरना पार्क और उससे लगे जंगल में बहुत से वन्य प्राणी रहते हैं। कई बार ऐसा भी हुआ कि भालू

भी भटकते हुए थाने के बाहर पहुंच जाते हैं। थाने के बाहरं वन्य प्राणियों से सुरक्षा के लिये लोहे की जालियां भी लगाई गई है ताकि थाने उपस्थित लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। बहरहाल थाने पहुंचे इस मोर को वन अमले को सूचित कर उनके हवाले कर दिया गया है।

बोर्ड में दिव्यांग छात्रों के लिए अलग से बनाएंगे परीक्षा केंद्र

सीबीएसई ने दी सभी स्कूलों के दिव्यांग छात्रों के लिए नई व्यवस्था

रायगढ़। सीबीएसई से संबंध सभी स्कूलों के दिव्यांग छात्रों के लिए इस बार नई व्यवस्था है। बोर्ड एग्जाम में ऐसे छात्रो के लिए अलग से परीक्षा केन्द्र बनाए जाएंगे। सामान्य छात्रों के साथ एक ही हॉल में परीक्षा देने में असुविधा के बाद बोर्ड ने यह नया फरमान सभी स्कूलों के लिए जारी किया है।

सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा को लेकर सभी प्राइवेट स्कूलों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड एग्जाम में शामिल होने वाले दिव्यांगों को इस बार राहत मिलेगी। बोर्ड ने दृष्टिबाधित सहित अन्य दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए अलग से परीक्षा केंद्र बनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सीबीएसई ने सभी स्कूलों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

अभी तक सामान्य छात्रों के साथ बोर्ड परीक्षा देते समय दिव्यांग असहज महसूस करते थे, इसलिए यह बदलाव किया है। सीबीएसई ने रीडर को लेकर भी इस बार पहले से ही निर्देश जारी कर दिए हैं। नई व्यवस्था में बोर्ड परीक्षाओं में दिव्यांग छात्रों को कम्प्यूटर उपलब्ध कराया जाएगा।

विशेष दिव्यांगों को समय की भी छूट मिलेगी। तीन घंटे की परीक्षा में 60 मिनट, ढाई घंटे में 50 मिनट, दो घंटे की परीक्षा में 40 मिनट और डेढ़ घंटे की परीक्षा में 30 मिनट अतिरिक्त मिलेंगे। दिव्यांग चाहें तो विशेष तौर पर रीडर रख सकते हैं। इसके लिए सरकारी अस्पताल, राज्य या केंद्र के अस्पताल में कार्यरत सीएमओ या मेडिकल अफिसर से जारी प्रमाण-पत्र मान्य किए जाएंगे।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं ग्वर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृ0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931